दर्द बनकर के जिसके दिल में सुंदर श्याम आता है

दरद बन करके जिसके दिल मे सुंदर श्याम आता है ।
वही बंदा मुसीबत में किसी के काम आता है ॥

1. जो बंदा राम के बंदों के दुख में काम आता है,
तो उस बंदे की हर इमदाद को खुद राम आता है ।

2. जो प्यारे राम की फुरकत में हों बीमार और तड़पे,
उसी को राम के आने से ही आराम आता है ।

3. जो पछताया नहीं जीवन में कभी अपने गुनाहों पर,
वो पछताता है जब मौत का पैगाम आता है ।

4. लिस्ट देखी गुनहगारों की तो सरकार यूँ बोले,
अरे इसमे तो करुणामयी का भी नाम आता है ।

स्वर÷ परम पूज्या संत करुणामयी गुरु माँ

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1608/title/dard-banakar-ke-jisake-dil-men-sundar-shyam-aata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |